आकाशवाणी श्री विजयपुरम

27.05.2025 समय : 1850

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा–राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 देश में भविष्य की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।
- पर्यटन विभाग की ओर से द्वीप नारियल महोत्सव तीस और इक्कतीस मई को आयोजित किया जाएगा।
- निकोबार जिले में पारंपरिक निकोबारी हस्तशिल्प पर 10 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया।
- समाज कल्याण निदेशालय की ओर से स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए देश में भविष्य की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली में एक मीडिया नेटवर्क के शिक्षा सम्मेलन में बोलते हुए, श्री प्रधान ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक दूरदर्शी ढांचे के रूप में उभरी है, जो भारत में सीखने के भविष्य को आकार दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने बुनियादी ढांचे, समावेशिता और आधुनिकीकरण पर बल देते हुए शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। श्री प्रधान ने कहा कि शिक्षा हमेशा से भारत के युवाओं के लिए एक प्रमुख स्तंभ और मुख्य आकर्षण रही है। उन्होंने कहा कि यह नीति एक दूरदर्शी ढांचे के रूप में विकसित हुई है जो देश में शिक्षा के भविष्य को प्रभावित कर रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि देश में 5 से 23 वर्ष की आयु के लगभग 30 करोड़ छात्र हैं, जो भारत में शैक्षिक सुधारों के महत्व को रेखांकित करता है।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से द्वीप नारियल महोत्सव–दो हजार पच्चीस तीस और इक्कतीस मई को आयोजित किया जाएगा। 'नारियल उत्सव – द्वीपों की संस्कृति, भोजन और शिल्प' थीम के साथ यह उत्सव प्रदर्शनी मैदान में आयोजित किया जाएगा। उत्सव का उद्देश्य नारियल आधारित पर्यटन और आजीविका को बढ़ावा देना, भोजन, शिल्प और स्वास्थ्य में नारियल के पारंपरिक तथा आधुनिक उपयोगों को उजागर करना और गतिविधियों, प्रदर्शनियों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं के आयोजन होंगे। खाद्य स्टॉल लगाने के इच्छुक लोग निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन पत्र अब उनतीस मई दिन में ग्यारह बजे तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के दौरे पर आए भारतीय नौसेना के राष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक कार्यालय के मुख्य हाइड्रोग्राफर वाइस एडमिरल लोचन सिंह पठानिया ने कल राज निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। इस दौरान द्वीपसमूह के जलक्षेत्र को कवर करने वाली बेसलाइन प्रणाली के संबंध में अप्रैल 2025 राजपत्र अधिसूचना जारी करने के परिणामस्वरूप, विकास परियोजनाओं के लिए उभरती संभावनाओं पर चर्चा की गई।

<><><><><><>

सिप्पीघाट में पुनः भूस्खलन के कारण मरम्मत की गई दोनों ग्रेविटी मुख्य लाइनें फिर से अव्यवस्थित हो गई हैं, जिससे लंबा लाइन और गाराचरमा वाटर ट्रीटमेंट संयंत्र से पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। लोक निर्माण विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि तीनों मुख्य ग्रेविटी की मरम्मत और जीर्णोद्धार का काम प्रगति पर है, जिसके कल सुबह तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। इन वाटर ट्रीटमेंट संयंत्रों में पानी की आपूर्ति अगले 2–3 दिनों में चरणबद्ध तरीके से सामान्य होने की उम्मीद है। इस दौरान जवाहर सरोवर और नगर निगम के जल टैंकरों के लिए डॉलीगंज और नयागांव जल उपचार संयंत्र से पानी के टैंकर की आपूर्ति उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><>

निकोबार जिले के ननकौड़ी ब्लॉक के अंतर्गत कामोर्टा, ननकौड़ी, कच्छाल, तेरेसा और चौरा द्वीपों में पारंपरिक निकोबारी हस्तशिल्प पर 10 दिवसीय व्यावसायिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और युवा पीढ़ी के बीच समुदाय की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और पारंपरिक शिल्प कौशल को पुनर्जीवित करना था। इसमें निकोबारी हट, नाव, निकोबारी होदी और स्थानीय सामग्रियों का उपयोग करके बनाए गए अन्य उत्पाद शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन ननकौड़ी के सहायक आयुक्त आदित्य संगोत्रा ने किया। कार्यक्रम में सीटीसी चार्ल्स जैकब, आयशा मजीद, खंड विकास अधिकारी मोहम्मद यूनुस एम, और आईएनएस करदीप के कार्यकारी अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर शानू मैथ्यू भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में सामुदायिक विकास खंड ननकौड़ी की ओर से संचालित किया जा रहा है।

<><><><><><>

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से समाज कल्याण निदेशालय द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साउथ प्वाइंट–2 स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में स्वच्छता और इससे जुड़े मुद्दों पर जागरूकता फैलाना था। इसका विषय था–स्वस्थ विकल्प, खुशहाल जीवन। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के उप–निदेशक, परिवार कल्याण डॉ. एच एम सिद्धाराजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने महिलाओं को कृमि नियंत्रण, खून की कमी के कारण होने वाले रोग व उसके रोकथाम के बारे में चर्चा की।

कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ए एन एम, आशा कार्यकर्ता और क्षेत्र के निवासियों ने भाग लिया। इस पहल से महिलाओं और किशोरी लड़कियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनने और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे वे एक स्वस्थ और सशक्त जीवन जी सकें।

<><><><><><>

आर्थिक सांख्यिकी निदेशालय और पशुपालन और पशु चिकित्सा निदेशालय में जूनियर इंवेस्टी–गेटर के पद पर भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रशासन की वेबसाइट पर चौबीस जून की मध्य रात्रि तक की जा सकती है। आवश्यक योग्यता और पात्रता शर्तों की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए सभी कार्य दिवसों में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे के बीच फोन पर या पशुपालन विभाग के ई–मेल पर संपर्क किया जा सकता है।

उधर, निर्मला वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नियमित गणित शिक्षक के एक पद पर नियुक्ति की जाएगी। उम्मीदवार की आयु तीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन फार्म सभी कार्य दिवसों में पचास रूपये का भुगतान कर सुबह नौ बजे से बारह बजे के बीच स्कूल कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तीस जून दोपहर बारह बजे तक है।

इस बीच, कैम्पबेल बे पुलिस थाने में होमगार्ड के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन फार्म जमा किए जा रहे हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पांच जून है। अधिक जानकारी के लिए क्षेत्र के थाने से संपर्क किया जा सकता है।

**<><><><><><><>**

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में फार्मासिस्ट के पद के लिए आयोजित कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की उत्तर पुस्तिका कल प्रशासन के भर्ती पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। इस संबंध में उम्मीदवार दावे या आपत्तियां उनतीस मई दोपहर 2 बजे तक संस्थान की ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं।

**<><><><><><><>**

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025—26 के लिए चार वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर भर्ती के लिए सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। पोर्टल 29 मई से उपलब्ध रहेगा।

**<><><><><><><>**